## एक नजर

### आदिवासी युवाओं के लिए आवेदन शुरू

**खंडवा।** आदिवासी वित्त एवं विकास निगम खंडवा द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु स्वरोजगार योजनाओं के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बजरंग बहादुर ने बताया कि टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 150 तथा भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 30 हितग्राहियों को लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इच्छुक आवेदक एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 18 से 45 वर्ष आयु के पात्र युवाओं को उद्योग, सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में ब्याज अनुदान और गारंटी फीस का लाभ भी मिलेगा। वहीं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के तहत 18 से 55 वर्ष आयु के गैर आयकरदाता युवाओं को 10 हजार से 1 लाख रुपए तक का ऋण स्वरोजगार के लिए दिया जाएगा।

### एंजेल्स प्लेनेट स्कूल का 12वीं बोर्ड में शानदार प्रदर्शन

**खंडवा।** एंजेल्स प्लेनेट स्कूल ने कक्षा 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर एक बार फिर शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम बेहद प्रेरणादायक रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल कायम की।विद्यालय की मेधावी छात्रा आंचल लालवानी ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रजीत महेश्वरी ने 94.8 प्रतिशत, ताहा सैफी ने 93.8 प्रतिशत, दर्शिल गुर्जर ने 92 प्रतिशत तथा पियूष कोहाड़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य विद्यार्थियों ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं प्राचार्या डोना ईम्स ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डायरेक्टर्स और समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धि की सराहना की।

### ग्रामीणों ने तालाब गहरीकरण के लिए किया श्रमदान



**खण्डवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में कराए जा रहे हैं। उन्होंने जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं को गांव गांव में जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में किल्लौद विकासखण्ड के गड़बड़ी माल सेक्टर के ग्राम मिनावा माल में जन अभियान परिषद की सेक्टर स्तरीय बैठक के बाद ब्लॉक समन्वयक श्री मोहन जाट की उपस्थिति में ग्रामीणों ने मिनावामाल के तालाब पर श्रमदान के माध्यम से गहरीकरण का कार्य किया। इस श्रमदान कार्यक्रम में नवांकुर संस्था आदर्श शिक्षा समिति किल्लौद से शंकर सिंह राजपूत, नवांकुर संस्था संत सेवालाल एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी कुक्सी रैयत से दादूराम चौहान, देवीलाल मालवीय मेंटर, समितियों से सुरेंद्र राजपूत, मुकेश मालवीय तथा सीएम सीएलडीपी पाठ्यक्रम के छात्रों ने सहभागिता की।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिलेगा मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार

**खंडवा।** प्रदेश में सुशासन, नवाचार और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राज्य शासन ने वर्ष 2026 के मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को नवाचार आधारित उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच किए गए ऐसे कार्यों के लिए दिए जाएंगे, जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था और जनहित में सकारात्मक बदलाव आया हो। पुरस्कार के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के तहत कुल 15 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 है।

### ऑटो रिक्शा, टेम्पो के चेकिंग अभियान में 4 आटो रिक्शा किए जब्त



**खंडवा।** परिवहन विभाग द्वारा बुधवार को ओंकारेश्वर में संचालित ऑटो रिक्शा और टेम्पो की जांच हेतु विशेष चेकिंग अभियान आयोजित किया गया।अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दीपक मांझी ने बताया कि इस दौरान वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी संबंधी कागजातों की जांच की गई, तथा बिना ड्रायविंग लायसेंस के आटो चालन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही के दौरान 2 ऑटो रिक्शा के दस्तावेज समाप्त पाये गये एवं 2 अन्य आटो रिक्शा के चालक बिना वैद्य ड्रायविंग लायसेंस के वाहन संचालित करते पाये गये। जिस पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 4 आटो रिक्शा जप्त कर थाना मांधाता ओंकारेश्वर में खड़े कराए गए हैं। श्री मांझी ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# महापौर ने पकड़ी इलेक्ट्रिक कार की रफ्तार, तो विधायक ने साइकिल की सवारी

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए आह्वान का व्यापक असर अब खंडवा की राजनीति और सड़कों पर नजर आने लगा है। शहर की दो प्रमुख महिला जनप्रतिनिधियों ने एक ही दिन अनूठी पहल करते हुए समाज को स्वच्छ ऊर्जा और संसाधन बचत का सशक्त संदेश दिया है।**







जानकारी अनुसार महापौर अमृता अमर यादव ने अपने आधिकारिक कार्यों के लिए आधुनिक इलेक्ट्रिक कार को अपनाया, वहीं विधायक कंचन मुकेश तनवे ने अपनी लग्जरी कार छोड़कर साइकिल से दादा दरबार पहुँचकर सबको चौंका दिया। महापौर अमृता यादव ने प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतारते हुए अब अपने दैनिक भ्रमण, निरीक्षण और प्रशासनिक बैठकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग शुरू कर दिया है।

उनका मानना है कि बढ़ती महंगाई और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच जनप्रतिनिधियों को संसाधनों की बचत की शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए। इलेक्ट्रिक कार न केवल ईंधन बचाएगी, बल्कि शहर को ध्वनि और वायु प्रदूषण से मुक्त रखने में भी सहायक सिद्ध होगी। दूसरी ओर, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे नेबचत भी, सेहत भी का नारा देत हुए गुरुवार सुबह अपने आवास से दादा दरबार तक का सफर साइकिल से तय किया। विधायक को साइकिल चलाते देख श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक दंग रह गए।

विधायक तनवे ने इस मौके पर संकल्प लिया कि वे अब सप्ताह में कम से कम एक दिन अनिवार्य रूप से साइकिल या इलेक्ट्रिक बाइक का ही उपयोग करेंगी। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि साइकिलिंग न केवल पर्यावरण के लिए जरूरी है, बल्कि यह आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिटनेस का सबसे सरल माध्यम भी है। खंडवा की इन दोनों कद्दावर महिला नेत्रियों की यह जुगलबंदी चर्चा का विषय बनी हुई है। भाजपा कार्यालय पहुँचने पर विधायक का स्वागत जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया।

## नोटिस के अगले ही दिन आदिवासी परिवार के घर पर चला बुलडोजर

### 10 दिन के धरने के बाद भी नहीं मिली राहत

**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर। तीर्थ नगरी में जमीन विवाद को लेकर पिछले 10 दिनों से लगातार धरना-प्रदर्शन जारी था, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने आदिवासी परिवार को उनकी जमीन से बेदखल करने की कार्रवाई कर दी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया है।**

**पीड़ित परिवार के सदस्य राहुल पिता पठान को शुक्रवार शाम प्रशासन की ओर से राजस्व विभाग का नोटिस सौंपा गया। वायरल हो रहे नोटिस के अनुसार, तहसील पुनासा के ग्राम बिलोराबुजुर्ग में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का उल्लेख किया गया है। नोटिस में संबंधित व्यक्ति को तत्काल अतिक्रमण हटाकर भूमि रिक्त करने के निर्देश दिए गए थे, साथ ही चेतावनी दी गई थी कि ऐसा नहीं करने पर पुलिस बल की सहायता से कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाया जाएगा।**



नोटिस मिलने के अगले ही दिन शनिवार सुबह करीब 6 बजे प्रशासनिक अमला बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचा और आदिवासी परिवार के आशियाने को तोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान परिवार के सदस्यों में भय और आक्रोश का माहौल देखा गया।स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि परिवार लंबे समय से अपनी जमीन और आशियाने को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था। धरना-प्रदर्शन और गुहार के बावजूद प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को लोगों ने अमानवीय बताया है।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गरीब आदिवासी परिवार को बिना उचित न्याय और पर्याप्त सुनवाई के उजाड़ दिया गया, जो मानवता और संवेदनशील प्रशासन पर सवाल खड़े करता है। घटना के बाद कई सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई है।साथ ही सामाजिक साथियों और न्यायप्रिय नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे आगे आकर पीड़ित परिवार का सहयोग करें और उनकी न्याय की लड़ाई में साथ खड़े हों।

## किशोर स्वास्थ्य के लिए उमंग केंद्र बना सहारा





**नवभारत न्यूज़**

**किल्लौद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किल्लौद में संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से 10 से 19 वर्ष आयु के किशोर एवं किशोरियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से स्वास्थ्य परामर्श दिया जा रहा है। यह केंद्र मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहता है, जहां प्रशिक्षित परामर्शदाता संजय सिरसाटे द्वारा किशोरों की समस्याओं का आंकलन कर उचित परामर्श दिया जाता है।

किशोरावस्था को जीवन का संवेदनशील और महत्वपूर्ण चरण माना जाता है, जिसमें शारीरिक और मानसिक बदलाव तेजी से होते हैं। ऐसे समय में सही मार्गदर्शन, पोषण, शिक्षा और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। केंद्र में मानसिक तनाव, अवसाद, एनीमिया, माहवारी स्वास्थ्य, नशे के दुष्प्रभाव, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, लिंग आधारित हिंसा, असंचारी रोग तथा आत्महत्या रोकथाम जैसे विषयों पर गोपनीय वातावरण में परामर्श दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014 में की गई थी, ताकि किशोरों को वैज्ञानिक और सकारात्मक जानकारी उपलब्ध कराई जा सके।

## खंडवा पुलिस को एफएसएल-फिंगर प्रिंट का विशेष प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज़**





**खंडवा।** पुलिस विभाग ने अपराधों की विवेचना को आधुनिक और वैज्ञानिक रूप से और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बुधवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर के मार्गदर्शन में एक दिवसीय विशेष एफएसएल व फिंगर प्रिंट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विवेचना अधिकारियों को घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की वैज्ञानिक बारीकियों से अवगत कराना था। एफएसएल व फिंगर प्रिंट प्रभारी गणेश पाटीदार ने जिले के समस्त थानों व चौकियों से आए विवेचना अधिकारियों को प्रशिक्षित करते हुए विवेचना किट का वितरण भी किया।

**नये कानूनों के तहत साक्ष्य संकलन पर जोर-**

प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी घटनास्थल को वैज्ञानिक तरीके से कैसे सुरक्षित रखा जाए। नए कानूनी प्रावधानों के तहत साक्ष्यों की फोटो और वीडियोग्राफी करने की सही तकनीक भी सिखाई गई, ताकि न्यायालय में केस को मजबूती से पेश किया जा सके। जघन्य अपराधों के मामलों में विवेचना किट के प्रभावी उपयोग और फिंगर प्रिंट संकलन की जटिलताओं को भी विस्तार से समझाया गया।इस महत्वपूर्ण सत्र के दौरान एफएसएल टीम से आरक्षक चंदन यादव व शुभम, फिंगर प्रिंट शाखा से आरक्षक अजय तथा फोटोग्राफी टीम से प्रधान आरक्षक कैलाश व आरक्षक करण उपस्थित रहे। अधिकारियों का मानना है कि इस प्रशिक्षण से अब जिले में आपराधिक मामलों की जांच और भी सटीक और तकनीकी रूप से सशक्त होगी।

## अपर कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा।** श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा के पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बुधवार को किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कुल 18 बच्चों के वजन और स्वास्थ्य सुधार संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को समझाइश दी कि अस्पताल से छुट्टी होने के बाद भी घर पर ही बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखें, ताकि बच्चा दोबारा कुपोषण का शिकार ना हो। अपर कलेक्टर श्रीमती गौड़ा ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से पोषण पुनर्वास केन्द्र की व्यवस्थाओं के सम्बंध में चर्चा की। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल, नोडल अधिकारी डॉ भूषण बांडे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कृष्णा वास्केल, पोषण प्रशिक्षक शबनम खान, वार्ड इंचार्ज रीटा पाटिल सहित अन्य स्टाफ मौजूद था

## सीएमओ जुगतावत ने स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की

**खण्डवा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बुधवार को सीएमएचओ कक्ष में शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डॉ जुगतावत ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर जांच व उपचार किया जाना सुनिश्चित करें। हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का नियमित रुप से फॉलोअप करें। उन्होंने हेंडकाउंट सर्वे कर छूटे हुए बच्चों की सूची बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। डॉ. जुगतावत ने संजीवनी क्लिनिक गणेश तलाई का आगामी माह में होने वाले असेसमेंट की तैयारी करने के लिए चिकित्सक व स्टाफ को निर्देश दिए। इस दौरान नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र डॉ रश्मि कौशल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अनिल तंतवार और जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ **प्रशासन की लापरवाही से खाक हुए आदिवासियों के आशियाने**

## बंधान टांडा में भीषण आग से 4 घर राख, भोजन-पानी को मोहताज हुए परिवार

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले की सिंगोट तहसील के ग्राम पंचायत नहरमाल के अंतर्गत आने वाले बंधान टांडा में बुधवार को आग ने ऐसा तांडव मचाया कि चार आदिवासी परिवारों के सिर से छत छिन गई। इस भीषण अग्निकांड में न केवल मकान जले, बल्कि घरों के भीतर रखा सालभर का अनाज, राशन और गृहस्थी का पाई-पाई का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं।



**इन परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़-** अग्निकांड की इस हृदयविदारक घटना में ओमकार पिता गेल सिंह, ध्यान सिंह पिता ओमकार, लाल सिंह पिता केदू और प्रेम सिंह पिता केदू के मकान पूरी तरह जल गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। देखते ही देखते मेहनत की कमाई और आशियाने मलबे के ढेर में तब्दील हो गए।

**दमकल की देरी और प्रशासन की अनदेखी पर फूटा आक्रोश-** घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। किसान नेता मुकेश पाटिल गुर्जर ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि गेहूं के सीजन की शुरुआत में ही सिंगोट क्षेत्र के लिए दमकल गाड़ी (फायर ब्रिगेड) की मांग पुरजोर तरीके से उठाई गई थी। यदि प्रशासन ने समय रहते इस मांग को संज्ञान में लिया होता और क्षेत्र में दमकल मौजूद होती, तो खंडवा से गाड़ी आने का इंतजार नहीं करना पड़ता और इन गरीबों के घर बचाए जा सकते थे।

**सब कुछ स्वाहा, अब मदद की गुहार-** प्रभावित परिवारों के पास अब पहनने के कपड़ों के अलावा कुछ शेष नहीं बचा है। खाने-पीने का पूरा स्टॉक जल जाने से उनके सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि घटना का तत्काल पंचनामा बनाकर पीड़ितों को उचित मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र में स्थाई दमकल की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में किसी और गरीब का घर जलने से बच सके।

## नानीबाई रो मायरा कथा के लिए भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा 18 से 22 मई तक आयोजित होने वाली नानी बाई रो मायरा कथा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्री गणेश गौशाला परिसर में होगा।

कथा से पूर्व बुधवार को विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच कथा स्थल का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ।समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम में पंडित चंद्रशेखर शर्मा, अमित दधीच एवं उमेश डोरवाल ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन कराया। भूमिपूजन विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, कथा यजमानों और समिति सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।कथा संयोजक आशीष चटकेले ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में आयोजित यह कथा धर्म प्रभावना और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देगी। वृंदावन की संत कृष्ण प्रिया जी अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को नानी बाई रो मायराकथा सुनाएंगी। कथा के दौरान संगीतमय भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।